## सार-समाचार

### पुण्यतिथि पर 52 यूनिट रक्तदान

**रतनगढ़** (निसं)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को स्व. देवकिशन सोनी की आठवीं पुण्यतिथि पर राजकीय सेठ सूरजमल जालान जिला चिकित्सालय में 52 यूनिट रक्तदान किया गया। पीएमओ डॉ संतोष आर्य के मुख्य आतिथ्य, डॉ रामानुज महर्षि व सीताराम जांगिड़ के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी इंद्राज खीचड़ ने की। आगंतुकों ने स्व. देवकिशन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ संतोष आर्य ने एक युनिट रक्तदान से विभिन्न जरूरतमंद रोगियों को होने वाले लाभ से अवगत कराया साथ ही बताया कि एक यूनिट रक्त के जरिये हम किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकते हैं। डॉ रामानुज महर्षि ने रक्तदान शिविर के लिए समिति का धन्यवाद किया। अस्पताल में भर्ती रोगियों को फल वितरित किए गये। उल्लेखनीय है कि सीताराम दाधीच की प्रेरणा पर वार्ड नंबर 3 निवासी माणकचंद जांगिड़ के पांच पुत्रों ने एक साथ रक्तदान कर मानव सेवा का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में 52 यूनिट रक्तदान हुआ। समिति द्वारा रक्त वीरो को प्रमाण पत्र दिए गए। इससे पूर्व प्रात: 8 बजे चूरू रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला में समिति सदस्यों ने गौवंश को डेढ़ क्विंटल गेहूं की लापसी खिलाई। इस अवसर पर समिति वरिष्ठ संरक्षक इन्द्रराज खींचड़, देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच, विश्वनाथ सोनी, सीताराम जांगिड़, अनूप जोशी, नरोतम लाल सोनी, राधेश्याम पारीक, रणजीत सिंह चौधरी, अनूप जोशी, एड प्रकाश मारू, हरिराम यादव, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, अरूण प्रकाश शर्मा, भुवनेश कुमार इंदौरिया सीए, जगदीश सोनी चूरू, राजीव उपाध्याय, रवि इन्दौरिया, राम रतन प्रजापत, पंकज हर्षवाल सहित अनेक प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

### परीक्षा में 1,240 छात्रों ने भाग लिया

**पाटन** (निसं)। नीमकाथाना के सीरोही के पास स्थित गुढा पब्लिक स्कूल में कोटपुतली, बेहरोड, बानसुर , शाहपुरा और नीमकाथाना सहित विभिन्न केंद्रों में आयोजित आई 30 टैलेंट सर्च परीक्षा 2025 में कुल 1,240 छात्रों ने अपनी शैक्षिणक योग्यता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्रों ने अपनी क्षमताओं का बेहतरीन परिचय दिया। सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का समुचित संचालन आई 30 लर्निंग सेंटर के एकेडमिक हेड, आनंद चौधरी द्वारा सुनिश्चित किया गया। उनकी अगुवाई में परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण टीम ने निष्पक्ष और व्यवस्थित वातावरण बनाए रखा, जिसमें हेमंत शर्मा, मुकेश साईं, रितु यादव, चंचल चौधरी, मुरारी यादव, विरेंद्र सिंह, दिनेश शर्मा, विक्रम ओला तथा पी आर ओ टीम जैसे समर्पित अधीक्षक और सहयोगियों का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा। हब चेयरमैन संपत बेनीवाल ने भी टीम को परीक्षा की सफल समापन पर बधाई देते हुए इस सफलता की प्रशंसा की। इस आयोजन को शिक्षण उत्कृष्टता और प्रतिभा की खोज के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। आयोजकों एवं शिक्षकों का मानना है कि इस परीक्षा ने न केवल छात्रों की क्षमताओं को उजागर किया है, बल्कि भविष्य में शिक्षा के उच्च मानदंड स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को वर्ष 2025 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में सीकर न्यायक्षेत्र के न्यायालयों में लंबित दांण्डिक शमनीय दीवानी, सिविल प्रकरण, धारा 138 एन.आई.एक्ट, धन वसूली, एम.ए.सी.टी, श्रम व नियोजन, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों आदि से संबंधित लंबित प्रकरणों का एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों जैसे बैंक, बीमा कम्पनियों के धारा 138 एन.आई.एक्ट, धन वसूली, श्रम एवं नियोजन, बिजली-पानी, भरण-पोषण आदि का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जायेगा। सचिव द्वारा बताया गया की लोक अदालत में प्रकरण निस्तारण से समय, पैसा व संबंध सभी की बचत होती हैं। सभी पक्षकारों से अपने अधिकाधिक प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करवाने एवं लोक अदालत के सफल आयोजन में अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की।

### विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाये

**चूरू** (निसं)। इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से चल रहे परिंडा लगाओ, पक्षी बचाओ अभियान का समापन मंगलवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर परिंडे लगाकर किया गया। समिति संस्थापक व अभियान संयोजक करामत खान ने बताया कि अभियान के तहत सप्ताहभर में चूरू शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित रतनगढ़, सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़, फतेहपुर, सीकर व झुंझुनूं में 341 परिंडे लगाए गए। जिन स्थानों पर परिंडे लगाए गए वहां समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा परिंडों की सार-संभाल की जाएगी।

# अपनी कमाई में से मातृभूमि की सेवा में लगाना बहुत ही सराहनीय कार्य है : मेघवाल

**चूरू** (निसं)। केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को जिले के सुजानगढ़ तहसील के ठरडा गांव में सुक्षेम फाउंडेशन के सुक्षेम आरोग्य विहार का शिलान्यास किया।




केन्द्रीय कानून व संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुजानगढ़ के ठरड़ा में सुक्षेम आरोग्य विहार का शिलान्यास किया।

इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र कुमार नायक, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज, केसी मालू, हीरालाल मालू, शायर हीरालाल मालू, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, सुजानगढ प्रधान मनभरी देवी, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, सभापति नीलोफर गौरी, सुरज्ञान कंवर, निर्मल सेठिया, अनिल जैन, नरपत सिंह चौरडिया, विजयसिंह डोसी, बजरंग बाहेती, राजेन्द्र दाधीच, बसंत शर्मा, हेमंत मालू, जेसी शर्मा, एमआर चौधरी सहित ट्रस्टी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी मंचस्थ अतिथि थे। इस दौरान ट्रस्टीगणों ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने सुक्षेम आरोग्य विहार के मॉडल का अवलोकन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि सुक्षेम आरोग्य विहार में अंचल के लोगों को बेहतरीन सेवाएं मिलेगी। अपनी कमाई में से मातृभूमि की सेवा में लगाना बहुत ही पुण्य व अनुकरणीय कार्य है। सुक्षेम आरोग्य विहार की श्रेष्ठ सेवाएं स्वस्थ नागरिक बनाएंगी तो क्षेत्र विकसित बनेगा। उन्होंने कहा कि बेहतरीन सेवाएं मिलेंगी तो अंचल की समृद्धि बढ़ेगी। जन सेवा व मातृभूमि के प्रति प्रेम से ही इंसान की स्तुति होती है। हम भौतिकवाद से परे होकर मानवता की सेवा के लिए संकल्पित रहें। उन्होंने कथा व भजन के माध्यम से सेवा भावना का संदेश दिया। इस दौरान नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि चूरू की धरती शक्ति, भक्ति, त्याग और तपस्या की धरती है। यहां के सपूतों ने अपनी वीरता, बुद्धिमता व मेहनत से सम्पूर्ण विश्व में अपना लोहा मनवाया है। प्रवासियों द्वारा यहां के लोगों की समस्याओं को समझकर निराकरण का यह प्रयास सराहनीय है। अपनी मातृभूमि की सेवा का ऐसा कार्य युगों तक याद रखा जाता है।

पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड ने कहा कि अपनी पुरूषार्थ की कमाई मातृभूमि के लिए लगाने वालों को दुनिया सदैव याद रखती है। जनसेवा से हमेशा वैभव बढ़ता है। सुक्षेम आरोग्य विहार बनने से अंचल के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही विष्व स्तरीय सेवाएं मिल सकेंगी। क्षेत्र के इतिहास में यह नया अध्याय जुड़ेगा। अस्पताल में प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक, यूनानी चिकित्सा पद्धित का शामिल होना भी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन प्रयास है। इस दौरान सांगलिया धाम के प्रमुख पीठाधीष्वर श्री श्री 108 ओमदास महाराज ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा में लगाया गया धन सदैव आषीष देता है। सुक्षेम आरोग्य विहार का निर्माण मातृभूमि की सेवा की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। यह विष्व के श्रेष्ठ अस्पतालों में शामिल होगा।

उन्होंने सुक्षेम आरोग्य विहार की नींव के लिए पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान सुक्षेम फाउंडेशन के अध्यक्ष केसी मालू ने अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रोजक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 100 वर्षों की प्लानिंग के साथ सुक्षेम आरोग्य विहार का निर्माण किया जाएगा। हमारा संकल्प है कि सुजानगढ़ को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवाएं मिलें। इससे चिकित्सा सुविधाओं के लिए अंचल के लोगों का पलायन रुकेगा और उन्हें उत्तम स्वास्थ्य यहीं मिल पाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार के सहयोग से अस्पताल पीपीपी मोड पर संचालित किया जाएगा। इसमें एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, प्राकृतिक, यूनानी चिकित्सा, योग, खेल, आवासीय कॉम्पलेक्स, धर्मशाला आदि सभी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रवासी नागरिक मातृभमि की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। जिला प्रशासन से भी समय-समय पर बेहतरीन सहयोग मिला, जिससे यह संभव हो पाया। उन्होंने सुजानगढ़ में अच्छे विद्यालय व राजस्थानी भाषा भवन के प्रस्ताव की बात रखी। सुक्षेम फाउंडेशन के संरक्षक हीरालाल मालू ने बताया कि हमारा प्रयास है कि हम मातृभूमि के लिए विशेष प्रयास करें। माटी से लगाव रखते हुए अपनों की सेवा का भाव लेकर सभी प्रवासी यहां से जुड़ना चाहते है। उन्होंने आष्वस्त किया कि सबसे अच्छी सुविधाएं अंचल के लोगों को मिलेंगी।

ट्रस्टी के सी मालू ने बताया कि सुजानगढ़ कस्बे में 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले तीन सौ बेड के सुक्षेम आरोग्य विहार मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल बनाया जाएगा। इस अस्पताल के लिए गत वर्ष जयपुर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में सुक्षेम फाउंडेशन और राजस्थान सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे। सुक्षेम फाउंडेशन जन सहयोग से इस अस्पताल भवन का निर्माण कराया तथा इसका संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। सुक्षेम फाउंडेशन लीनन बदलने और साफ-सफाई आदि जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेगा।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारम्भ

**चूरू** (निसं)। श्री गौरी शंकर एवं निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन चूरू के आर्थिक सौजन्य से राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी चूरू एवं जिला अंधता निवारण समिति चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लायंस क्लब चूरू की ओर से तीन दिवसीय नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को बच्छावत नेत्र अस्पताल में हुआ।

■ 170 रोगियों की नेत्र जांच की गई

क्लब अध्यक्ष आर्किटेक्ट अनुराग शर्मा ने बताया कि इस तीन दिवसीय नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण शिविर के पहले दिन लगभग 170 रोगियों की नेत्र जांच कर 75 लोगों का लैंस प्रत्यारोपण के लिये चयन किया गया। क्लब एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कमल वशिष्ठ ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिविर में डॉ. शशिधर शर्मा, डॉ. सुनील झाझड़िया व उनकी टीम रोगियों की नेत्र जांच कर उनका ऑपरेशन करेगी। गौरी शंकर-निर्मला अग्रवाल फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब के आग्रह पर नर सेवा नारायण सेवा को मानते हुए इस पुनीत कार्य को करने का निर्णय लिया, षिविर में ऑपरेशन करवाने वाले सभी मरीजों को रहने, खाने-पीने व दवाइयों की व्यवस्थाएं नि:शुल्क रहेगी। अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर फाउंडेशन लायंस क्लब चूरू के सहयोग से इस प्रकार के शिविर लगाते रहेंगे। इस अवसर पर शिविर प्रभारी लायन दीनदयाल सैनी, मनोज जांगिड़, मंगतु राम सैनी, पुनित क्याल, सुनील टकणेत, चंद्र प्रकाश खत्री, ताराचंद प्रजापत, विनोद शर्मा, चंद्रशेखर अग्रवाल, स्नेहलता अग्रवाल, संजीव वर्मा व राजीव शर्मा ने सहयोगी भूमिका निभाई। शिविर में फाउंडेशन के ट्रस्टी गौरीशंकर व निर्मला अग्रवाल ने शिविर का अवलोकन किया। क्लब अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि भर्ती रोगियों के ऑपरेशन बुधवार को किये जाएंगे तथा गुरुवार को शिविर का समापन होगा।

## अंबेडकर जयंती पर दहेज मुक्त शादी का संदेश दिया

**पाटन** (निसं)। भारतीय संविधान के निर्माता एवं महान समाज सुधारक "भारत रत्न" बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर मिलन मैरिज गार्डन में दहेज मुक्त शादी का संदेश भी दिया गया। जानकारी के मुताबिक नीमकाथाना शहर के मोदी बाग निवासी प्रधानाचार्य सुभाष वर्मा के सुपुत्र विकास कुमार, जो कि एम्स भुवनेश्नर में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर सेवारत है की शादी जोड़ली निवासी स्वर्गीय रतनलाल वर्मा की सुपुत्री कोमल वर्मा के साथ संपन्न हुई।

कोमल एम.एस.एसी. बी.एड. है और मेघवंश जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया की भांजी है।डॉ मेहरानिया ने बताया कि यह शादी भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही होनी थी, परंतु इस वर्ष सम्मेलन के आयोजन की कार्य योजना नहीं बन पाने के कारण घर पर ही सम्पन्न की गई तथा इस शादी के सभी रस्में एक रुपए के अनुरूप निभाई गई, साथ ही इस शादी में दहेज के रुप में किसी प्रकार की नगद राशि, फर्नीचर, गाड़ी आदि का लेन देन नहीं कर समाज में दहेज मुक्त शादी का संदेश दिया गया।

इस शादी में पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के. एल. मीणा, डी. एस. चोपड़ा, विधायक सुरेश मोदी, नगर सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक चंद दिवान, उप सभापति महेश मेगोतीया, प्रधान सुवालाल सैनी, राजेंद्र प्रसाद यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता दौलतराम गोयल, डॉ अंबेडकर मानव कल्याण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बबेरवाल, शंकर लाल बलाई, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ जी एस तंवर, डॉ एस कुमार, डॉ हेमंत कटारिया, एजीएम हरिकिशन इंदुलिया, बैंक प्रबंधक मुकेश वर्मा एवं गीगराज जोडली व राजेंद्र प्रसाद मेहरानिया सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बाबा साहब की फोटो पर पुष्प अर्पित कर नव विवाहित युगल को आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही कोमल के भाई कनिष्ठ सहायक रविन्द्र वर्मा ने आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार एवं आभार व्यक्त किया।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुए

**बगड़,** (निसं)। कस्बे में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर विशाल भव्य रैली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बगड़ के तत्वावधान मे आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम जोगेंद्र निवास भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बाबा साहेब व फुले साहब जयंती पर पीरामल गेट पोस्ट ऑफिस के पास से विशाल भव्य रैली को नीली झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में डीजे, ऊंट, घोड़ी बघी तथा छोटे बच्चों को डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्री बाई फुले व माता रमा बाई की पोषाक पहनाकर बग्घी में बैठाया गया। रैली बगड़ के मुख्य मार्ग होते हुए, सब्जी मंडी, बीएल चौक, बगड़ नगरपालिका, तिराहा स्टैंड होते हुए निर्मल कॉलोनी, अंबेडकर सर्किल जाटावास में बाबा साहेब प्रतिमा पर प्रबुद्ध लोगों द्वारा माल्यार्पण करके तथा केक काटकर जय भीम जय फुले उदघोष करते हुए खेड़ी मोहल्ला, वाल्मिकी बस्ती, खटीकान मोहल्ला से होते हुए रैली का नीमड़ी स्टैंड पर समापन किया गया।

रैली में शामिल हुए सभी भीम अनुयायियों के लिए ज्यूस व ठंडे, पानी चाय, कॉफी की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई। एईएन रामप्रताप बरवड़ ने बताया कि रैली के तुरंत बाद नीमड़ी स्टैंड पर कार्यक्रम में भंते विनयपाल बुद्ध प्रबोधन जय पहाड़ी के सानिध्य में कार्यक्रम प्रारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाबा साहेब व महात्मा ज्योतिबा फुले फोटो पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके छोटे बच्चों द्वारा बुद्ध वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में छोटे छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। उप प्रधानाचार्य पवन कुमार बुंदेला ने स्वागत भाषण दिया। सैनी समाज संस्था जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को जीवन में उतारने की अपील की। बीडीओ श्योपाल निर्मल ने बताया कि बहुजन समाज से अंधविश्वास को दूर करने के लिए समाज को जागरूक करने व भारत देश को आर्थिक दृष्टि से संपन्न बनाने में युवाओं से खडा परिश्रम करने की नसीहत दी।

वरिष्ठ अध्यापक रामकिशोर निर्मल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहिए। व्याख्याता बलबीर बुंदेला द्वारा तैयार किए गए आपणी पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष सतवीर बरवड ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नांद को भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ का संयोजक बनाया

**झुंझुनूं,** (निसं)। भारतीय मजदूर संघ से संघ से संबद्ध भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के झुंझुनूं डाकमंडल के संयोजक पद पर जगदीश सिंह नांद डाकपाल नांद को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राजस्थान सर्किल सेक्रेटरी महावीर सिंह ने जारी की। नांद ने बताया कि इस माह में सदस्यता अभियान को तेज कर अधिक से अधिक सदस्य बनाकर स्थायी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा व ग्रामीण डाक कर्मचारियों की सभी प्रकार की मांगों के लिए युद्धस्तर पर बिगुल बजाया जाएगा। भारत में साढ़े तीन लाख से अधिक ग्रामीण डाक कर्मचारी हैं व ग्रामीण डाक कर्मचारी देशभर के ग्रामीण क्षेत्र का वह डाक वाहक है जो जहां पर कोई भी सुविधा नहीं पहुंच पाए वहां देश का ग्रामीण डाक सेवक पहुंच कर डाक विभाग के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करता है। लेकिन डाक विभाग ग्रामीण डाक कर्मचारियों का स्थापना से लेकर आज तक शोषण कर रहा है। नांद ने बताया कि झुंझुनूं जिले के सभी ग्रामीण डाक कर्मचारीयों के हक के लिए वे अपनी जी जान लगा देंगे व ग्रामीण डाक कर्मचारीयों के सभी प्रकार के शोषण का का पूरजोर विरोध करेंगे। आज झुंझुनूं डाक मंडल द्वारा जिले का ग्रामीण डाक कर्मचारी इतना पीड़ित है। उसको डाक विभाग के किसी भी प्रकार के टारगेट के लिए आग की भट्टी में झोंक दिया जाता है व सुविधा के नाम पर उसको हारी बीमारी, भात, छूछक, विवाह शादी, गमी आदि में भी छुट्टी नहीं मिलती व कोई बीमारी में अपनी जान बचाने के लिए डॉक्टर तक पहुंच जाता है। बीमारी से बाद में निपटना पड़ेगा। पहले विभाग से गिडगिडाना पड़ेगा। यहां तक मेडिकल को भी अमान्य करके उसको तनख्वाह से हाथ धोना पड़ेगा। जिले के ग्रामीण डाक कर्मचारियों के शोषण को रोकने के लिए जल्दी ही अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा ।

## मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की बैठक हुई

**झुंझुनूं,** (निसं)। मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 की जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला परिषद के सीईओ रणजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस योजना में जिले की कुल 68 ग्राम पंचायतों के 137 गांव शामिल हैं। जिनमें कृषि, वन, उद्यान, पीएचइडी, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जल संसाधन, भूजल एवं जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभागों के 7999 कार्यों की लागत 151.35 करोड़ का अनुमोदन किया गया। योजना का कार्यकाल 30 जून 2026 तक रहेगा। बैठक में एसीईओ रामनिवास, अतिरिक्त मुख्य अभियंता धर्मपालसिंह वाटरशेड जयपुर, डीएफओ उदाराम सियोल, अधीक्षण अभियंता वाटरशेड महेंद्र सिंह सुरा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजपाल सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी महेंद्र सिंह, संयुक्त निदेशक कृषि राजेंद्र लांबा, मुख्य वैज्ञानिक केवीके दयानंद सिंह, उप निदेशक उद्यान विजयपाल सिंह, मुख्य वैज्ञानिक भूजल अतुल धवन, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता अरविंद लमोरिया, अधिशासी अभियंता विजेंद्र सिंह ढाका आदि अधिकारियों ने भाग लिया।

## 'अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता थे'

**झुंझुनूं,** (निसं)। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर बगड़ रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में संगोष्ठी एव पुष्पांजलि कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता एवं विधायक राजेंद्र भांबू के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम संयोजक महेश जीनगर, सह संयोजक द्रौपदी गर्वा, शहर मंडल प्रभारी अरुणा सिहाग थे। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान व आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने दलित, पिछडे व दबे समाज को समानता का अधिकार दिलाकर आगे लाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष किया। विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि बाबा साहेब प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रख्यात न्यायविद, बौद्ध कार्यकर्ता, दार्शनिक, मानवविज्ञानी, इतिहासकार, वक्ता, लेखक, अर्थशास्त्री, विद्वान और संपादक भी थे।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिये

■ अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस, योजनाओं में प्रगति बढ़ाने पर जोर दिया

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, ई-फाइलों के समयबद्ध निपटारे और बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

**विभागीय प्रगति की समीक्षा, अनुपालना पर जोर:-** जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, एवीएनएल, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, नगर परिषद, श्रम, पशुपालन सहित अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कम प्रगति वाले विभागों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। संपर्क पोर्टल, जन सुनवाई और ई-फाइलिंग की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश:-** जिला कलेक्टर ने सहकारिता विभाग को समर्थन मूल्य पर चना और सरसों की खरीद सुनिश्चित करने, पीएम सूर्य घर योजना और मंगला पशु बीमा योजना में पंजीयन बढ़ाने, शत-प्रतिशत पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना में प्रगति, राइजिंग राजस्थान के तहत एमओयू की मॉनिटरिंग, भूमि आवंटन और अनुमतियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 की डीपीआर को अनुमोदित करते हुए स्वास्थ्य विभाग को सीएचसी, पीएचसी और उप जिला अस्पतालों के लिए भूमि आवंटन के निर्देश दिए।

**गर्मी और लू से निपटने की तैयारियां:-** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने प्रचंड गर्मी और लू को देखते हुए अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, बेड आरक्षण, पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को गौशालाओं में समय पर पानी की आपूर्ति के लिए कहा गया।

**लाइट्स पोर्टल पर लंबित मामलों का निस्तारण जरूरी:-** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय, लाइट्स पोर्टल और विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया।

उन्होंने आयुर्वेद, सहकारिता, शिक्षा, वन, नगर परिषद और आबकारी विभाग द्वारा लाइट्स पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट नहीं करने पर नाराजगी जताई और अगली बैठक में चार्जशीट जारी करने की चेतावनी दी।

जिला कलेक्टर ने बैठक में अनुपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में कार्य में लापरवाही न हो। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जेपी यादव, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल, उप निदेशक डॉ. अनिल शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**
क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-
-: आपत्ति सूचना :-
सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्री अमीलाल पुत्र श्री गोपीराम जाति कुम्हार निवासी वार्ड नं. 01 रावतसर ने अपने दान से प्राप्त भूखंड साईज 69.91 वर्गमीटर का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से करवाना चाहता है। उक्त भूखंड का पट्टा श्री गोपीराम पुत्र श्री मूलाराम एवं श्रीमती शांति पत्नी श्री गोपीराम के नाम से साईज 299.87 वर्गमीटर का नगरपालिका रावतसर के नाम से जारीशुदा है। श्री गोपीराम की मृत्यु दिनांक 21.02.2025 व श्रीमती शांति देवी की मृत्यु दिनांक 01.07.2023 को हो चुकी है। श्री गोपीराम व श्रीमती शांति के वारिस अमीलाल, रामलाल (पुत्र), रामेश्वरी, अंगुरी, सोना, लक्ष्मी, गोरा, कलावती (पुत्रियां) हैं। कलावती की मृत्यु दिनांक 03.11.2021 को हो चुकी है। श्रीमती कलावती के वारिस कौशल्या, प्रमिला (पुत्रियां) व मेनपाल (पुत्र) है। उक्त वारिसों द्वारा उक्त भूखंड राजुराम पुत्र श्री गोपीराम को दान कर दिया। श्री राजुराम ने उक्त भूखंड में से दक्षिणी हिस्सा 69.91 वर्गमीटर जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 20.03.2025 को श्री अमीलाल पुत्र श्री गोपीराम को दान कर दिया। अतः अपने दान से प्राप्त भूखंड का नामांतरण प्रार्थी पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)**
क्रमांकः- एफ.14/सामान्य/न.पा.रा./2025/ दिनांक :-
-: आपत्ति सूचना :-
सर्व साधारण को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रीती पत्नी श्री धीरेन्द्र कुमार जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 19 नया 26 रावतसर ने अपने दान से प्राप्त सैक्टर सिनेमा मार्किट व्यवसायिक भूखंड संख्या 122 भूखंड साईज 15 गुणा 30 फुट का नामांतरण पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से करवाना चाहती है। उक्त भूखंड का पट्टा श्रीमान अतिरिक्त कलक्टर एवं सचिव मण्डी विकास समिति हनुमानगढ़ द्वारा श्री चन्दूलाल पुत्र श्री जेठाराम के नाम से जारीशुदा है। श्री चन्दूलाल की मृत्यु दिनांक 02.10.2012 को हो चुकी है। श्री चन्दूलाल के वारिसों (श्रीमती कमला पत्नी चन्दूलाल, सुशीला, संगीता पुत्री श्री चन्दूलाल व अनिल कुमार, अरविन्द कुमार पुत्र श्री चन्दूलाल) द्वारा उक्त भूखंड श्रीमती कमला को दान कर दिया। श्रीमती कमला ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.02.2025 को श्री धीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री शंकर सिंह व श्री शंकर सिंह पुत्र श्री जोगेन्द्र सिंह को बेचान कर दिया। श्री धीरेन्द्र कुमार व श्री शंकर सिंह ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत दानपत्र दिनांक 02.04.2025 को श्रीमती प्रीती पत्नी श्री धीरेन्द्र कुमार को दान कर दिया। अतः अपने दान से प्राप्त भूखंड का नामांतरण प्रार्थीया पालिका रिकॉर्ड में अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो उक्त सूचना प्रकाशन होने की तिथि के 07 दिवस में सूचित करें, अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उजरदावा मान्य नहीं होगा। सूचित रहे।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति सुजानगढ़ (चूरू)**
क्रमांक :- ग्रा.प./सा./2025/93-200 दिनांक :- 15.04.2025
**खुली निविदा सूचना सं. 01/2025-26 व 02/2025-26 में संशोधन**
ग्राम पंचायत सालासर द्वारा खुली निविदा सूचना सं. 01/2025-26 व 02/2025-26 में आंशिक संशोधन करते हुए दिनांक निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 15/04/2025 समय 11.00 AM तक कार्यालय ग्राम पंचायत सालासर से निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। जिस के स्थान पर 16/04/2025 को 6.00 PM किया जाता है। भरी हुई एवं सीलबंद निविदायें दिनांक 15/04/2025 समय 12.00 PM तक कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। जिस के स्थान पर 17/04/2025 को 11.00 AM किया जाता है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 15/04/2025 समय 02.00 PM पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष एवं गठित क्रय कमेटी के द्वारा खोली जायेगी, जिस के स्थान पर 17/04/2025 को समय 01.00 PM किया जाता है।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति,सुजानगढ़
गीता, सरपंच, ग्राम पंचायत सालासर, पंचायत समिति,सुजानगढ़

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक RJ/25/SEAC2(06)/MIN/R.EC/1132 एवं पर्यावरण स्वीकृति पहचान संख्या EC24C0108RJ5231731N दि. 02.03.2025 के द्वारा श्रीमती शशि अग्रवाल को नि.ग्रा. कुण्डला की ढाणी, तहसील-नीम का थाना, सीकर में स्थित खनन पट्टा ML No. 150/91 क्षेत्र 1.00 हेक्टेयर वास्ते खनिज मार्बल के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA, जयपुर एवं राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, सीकर के कार्यालय में जनसाधारण के लिए उपलब्ध है एवं मण्डल की वेबसाइट www.environmentclearance.nic.in एवं https://parivesh.nic.in पर देखी जा सकती है।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना: ELCJP/PSI/CUR-SDLP/T24/25. कार्य का नाम:** दोहरीकरण कार्य के संबंध में उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के चुरु-सादुलपुर खंड में 1X25 केवी पीएसआई संशोधन प्रणाली के रेलवे विद्युतीकरण कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 18761319.00 **बयाना राशि जो जमा करनी है:** ₹ 243800.00 **कार्य पूर्ण होने की तिथि:** 06 Months **निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समय:** 08.05.2025 Upto 15-00 Hrs. 08.05.2025 at 15.30 Hrs. उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पता: www.ireps.gov.in
430-AR/25
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 02/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि नन्दू सिंह पुत्र श्री बजरंग सिंह औसरादारान पुजारी मन्दिर श्री जीणमाता जी ग्राम जीणमाता जी रलावता तहसील दांतारामगढ जिला सीकर राजस्थान 332406 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 24 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री जीणामाता जी ट्रस्ट ग्राम रलावता (जीणमाता जी) तहसील दांतारामगढ जिला सीकर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 23.06.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 03/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती मंजू कंवर पुत्री स्व. श्री छीतर सिंह चौहान पत्नी श्री छोटू सिंह निवासी वार्ड नं.8 ग्राम रेटा तहसील दांतारामगढ जिला सीकर राजस्थान 332406 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 24 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री जीणामाता जी ट्रस्ट ग्राम रलावता (जीणमाता जी) तहसील दांतारामगढ जिला सीकर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 23.06.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर